**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**
**23.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि डॉक्टर राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय हमीरपुर में जल्द ही स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने इस महाविद्यालय के लिए जनरल मैडिसन, सर्जरी, पीडियाट्रिक्स और रेडियोलॉजी जैसे प्रमुख विभागों में एसोसिएट प्रोफैसर के 6 और असिस्टेंट प्रोफैसर के 10 पद सृजित कर इन्हें भरने की मंजूरी दी है। इसके अलावा नर्सिंग कर्मियों के एक सौ 50 पद सृजित कर भरने की मंजूरी भी दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में चिकित्सा महाविद्यालयों को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दे रही है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले एक वर्ष में आई.जी.एम.सी. शिमला और डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद चिकित्सा महाविद्यालय टांडा के लिए विभिन्न श्रेणियों के एक हजार एक सौ 82 नए पद भरने को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए विश्व स्तरीय चिकित्सा उपकरणों और मशीनों की खरीद की जा रही है ताकि रोगियों को घर–द्वार के समीप बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

**रोहित ठाकुर**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए अनेक कदम उठा रही है। मण्डी जिले के करसोग महाविद्यालय में प्रदेश विश्वविद्यालय यूथ फैस्टिवल ग्रुप–2 संगीत समारोह के शुभारम्भ अवसर पर शिक्षा मंत्री ने ये बात कही। रोहित ठाकुर ने कहा कि शिक्षा विभाग में पिछले वर्ष स्वीकृत 6 हजार पदों में से 3 हजार पदों पर अध्यापकों की भर्ती प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है और 2 हजार 8 सौ पदों को हमीरपुर चयन बोर्ड के माध्यम से भरने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता लाने के उद्देश्य से अध्यापकों के लिए विश्व भ्रमण की व्यवस्था भी की गई है जिसके तहत पिछले वर्ष 2 सौ 18 शिक्षकों को विदेश यात्रा करवाई गई है। इसके अलावा शिक्षा क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के लिए भी विश्व भ्रमण करवाने की व्यवस्था की गई है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में एन.टी.टी. अध्यापकों के 6 हजार 2 सौ पद और स्पेशल एजुकेटर के 2 सौ 34 पदों पर भी भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। इस दौरान उन्होंने करसोग महाविद्यालय में लगभग 3 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित होने वाले प्रशासनिक भवन की आधारशिला भी रखी।

**भेंट**

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष अंजना पंवार ने आज शिमला स्थित राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल के साथ सफाई कर्मचारियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की। इस बीच युवा उद्यमी सिद्धार्थ लखनपाल और गौतमी श्रीवास्तव ने भी राज्यपाल से भेंट की। इन दोनों युवा उद्यमियों ने बुरांश स्टार्टअप स्थापित किया है। इस अवसर पर

राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को उद्यमशीलता के क्षेत्र में आगे आकर स्टार्टअप स्थापित करने चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि युवा उद्यमी दम्पत्ति शिक्षित युवाओं समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

**डीसी सिरमौर**

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत सिरमौर जिले में ग्राम विकास योजना के लिए 15 गांव का चयन किया गया है। जिला उपायुक्त विवेक शर्मा ने आज नाहन में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन सभी चयनित गांव में योजना के तहत सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। उपायुक्त ने कहा कि चयनित गांव के लिए केन्द्र सरकार द्वारा 21 लाख रूपए की धनराशि प्रदान की जाती है और अन्य विभागों की योजनाओं से भी चयनित गांव को लाभान्वित किया जाता है।

**बीएसएनएल नई सेवाएं**

भारत संचार निगम लिमिटेड– बीएसएनएल ने उपभोक्ताओं को लुभाने के लिए सात नई ग्राहक–केन्द्रित सेवाएं शुरू की हैं। केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा की 4जी की शुरूआत के बाद से बीएसएनएल के उपभोक्ताओं की संख्या पिछले छह महीने में 75 लाख से बढ़कर एक करोड़ 80 लाख हो गई। कंपनी के नये लोगो और सात नई सेवाओं का उद्घाटन करते हुए मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया के उन छह देशों में शामिल है जिन्होंने स्वयं की 4जी दूरसंचार सेवा विकसित की है और इसे जल्द ही 5जी में परिवर्तित कर दिया जाएगा। बीएसएनएल का नया लोगो शक्ति, विश्वास और सुगमता का प्रतीक है।

**डीसी शिमला**

शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आज रामपुर में आयोजित बैठक में अंतर्राष्ट्रीय लवी मेले की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अंतर्राष्ट्रीय लवी मेला 11 से 14 नवम्बर तक आयोजित होगा। उपायुक्त ने कहा कि मेले के शुभारम्भ अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे जबकि 14 नवम्बर को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। अनुपम कश्यप ने कहा कि मेले में सांस्कृतिक संध्याओं के अलावा अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

---